# दक्षिण भारत एवं संगम युग

- नवी शताब्दी ई. में निम्नलिखित में से किसके द्वारा चोल साम्राज्य की नींव डाली गई? — **विजयालय**
- किस चोल शासक ने हेमगर्भ व तुलाभार नामक यज्ञों का सम्पादन किया था? — **परान्तक प्रथम**
- राजराज I ने श्रीलंका के विजित प्रदेशों को मुम्डि-चोलमण्डलम के नाम से चोल साम्राज्य का एक प्रांत बनाया तथा मुम्डिचोल देव की उपाधि धारण की। इस नये प्रांत की राजधानी किसे बनाया गया? — **पोलन्नरुआ**
- किस चोल शासक ने श्रीलंकाई शासक महिन्द्र पंचम के समय में श्रीलंका पर आक्रमण कर उसकी राजधानी अनुराधापुर को नष्ट किया एवं उत्तरी श्रीलंका पर अधिकार कर लिया? — **राजराज I**
- अभिलेखों को ऐतिहासिक प्राक्कथन के साथ प्रारंभ करने की परम्परा का सूत्रपात किसने किया? — **राजराज I**
- तंजौर का वृहदीश्वर मंदिर किस चोल शासक के शासनकाल में निर्मित्त हुआ था? — **राजराज प्रथम**
- प्रसिद्ध चोल शासक राजराज I का मूल नाम था? — **अरिमोलिवर्मन**
- किस चोल शासक ने अपनी यशस्वी विजयों का समापन मालदीव द्वीप समूह की विजय से किया? — **राजराज I**
- किस चोल राजा ने जल सेना प्रारंभ की थी? — **राजराज प्रथम**
- किस चोल शासक ने 1000 ई. में भू-राजस्व के निर्धारण के लिए भूमि का सर्वेक्षण करवाया? — **राजराज I**
- निम्नलिखित में से किस चोल शासक को चोल गंगम नामक वृहद् कृत्रिम झील बनवाने का श्रेय दिया जाता है? — **राजेन्द्र प्रथम**
- किसने कलिंग, ओड्ड तथा बंगाल के पाल पर आक्रमण किया जो कि तमिल प्रदेश से किया गया प्रथम उत्तरी सैनिक अभियान था और साथ ही जिसने इस ऐतिहासिक भ्रम को तोड़ा कि उत्तर से ही दक्षिण को विजित किया जा सकता है, दक्षिण से उत्तर को नहीं? — **राजेन्द्र I**
- निम्नलिखित चोल शासकों में जिसने बंगाल की खाड़ी को 'चोल झील' का स्वरूप प्रदान कर दिया, वह कौन था? — **राजेन्द्र प्रथम**
- किस चोल शासक ने श्रीलंका के शेष बचे दक्षिणी भाग पर अधिकार कर श्रीलंका विजय को पूर्ण किया? — **राजेन्द्र I**
- किसने इण्डोनेशिया के एक द्वीप सुमात्रा के विजय साम्राज्य के शासक संग्राम विजयोतुंग को पराजित किया तथा निकोबार द्वीप समूह व मलेशिया प्रायद्वीप के मध्य कडारम (आधुनिक केद्दाह) सहित 12 द्वीपों पर अधिकार कर लिया? — **राजेन्द्र I**
- 'गंगैकोंडचोलपुरम' की स्थापना किसने की थी? — **राजेन्द्र प्रथम**
- वह चोल राजा कौन था, जिसने श्रीलंका को पूर्ण स्वतंत्रता दी और सिंहल राजकुमार के साथ अपनी पुत्री का विवाह कर दिया था? — **कुलोत्तुंग प्रथम**
- किसने 1077 ई. में 92 व्यापारियों का एक शिष्टमंडल चीन भेजा? — **कुलोत्तुंग चोल I**
- किस चोल शासक को 'शुङ्गम् तविर्त्तचोल' (करों को हटाने वाला) की उपाधि मिली? — **कुलोतुंग प्रथम**
- निम्नलिखित में कौन चोल प्रशासन की विशेषता थी? — **ग्राम प्रशासन की स्वायत्तता**
- निम्नलिखित में से किस मंदिर परिसर में एक भारी-भरकम नंदी की मूर्ति है, जिसे भारत की विशालतम नंदी मूर्ति माना जाता है? — **बृहदीश्वर मंदिर**
- चोलों की राजधानी थी? — **तंजौर**
- चोलों के अधीन ग्राम प्रशासन के बहुत से ब्यौरे जिन शिलालेखों में हैं, वे कहां हैं? — **उत्तर मेरूर**
- चोलों का राज्य किस क्षेत्र में फैला था? — **कोरोमंडल तट, दक्कन के कुछ भाग**
- चोल राजाओं में किस एक ने सीलोन पर विजय प्राप्त की थी? — **राजेन्द्र प्रथम**
- चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था? — **लोकमहादेवी**
- प्रसिद्ध कलाविद् फर्ग्युसन ने किसके बारे में कहा है, 'उस काल के कलाकारों ने दैत्यों की तरह कल्पना की और जौहरियों की तरह उसे पूरा किया'? — **चोल स्थापत्य कला**
- निम्नलिखित में से चोल वंश का राजस्व अधिकारी कौन था? — **वरित्पोत्तगक्क**
- चोल प्रशासन में 'पाड़िकवल' से तात्पर्य है?

— **ग्राम सुरक्षा के लिए दिया जाने वाला कर**

- चोल राज्य में 'नाट्ट विनियोगम्' शब्द का क्या अभिप्राय था? — **नाडु के खर्च के लिए एक कर**
- चोलों के अंतर्गत 'तट्टोलि' कर अदा करते थे? — **सुनार**
- चोल काल के उत्तरमेरूर सभा के निर्वाचन के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है? — **प्रत्येक उपखंड से दो प्रतिनिधि चुने जाते थे**
- चोल प्रशासन में 'उडैकुट्टम' अधिकारी का क्या कार्य था? — **वह राजा के आदेशों को लिपिबद्ध करता था**
- चोल शासकों के समय में बनी हुई प्रतिमाओं में सबसे अधिक विख्यात हुई? — **नटराज शिव की कांसे की प्रतिमाएं**
- निम्न में से दक्षिण भारत का कौनसा राजवंश अपनी नौसैनिक शक्ति के लिए प्रसिद्ध था? — **चोल**
- चोल काल में निर्मित नटराज की कांस्य प्रतिमाओं में देवाकृति प्रायः — **चतुर्भुज है**
- दक्षिण भारत का प्रसिद्ध 'तक्कोलम का युद्ध' हुआ था? — **चोल एवं राष्ट्रकूटों के मध्य**
- चोल साम्राज्य को अंततः किसने समाप्त किया? — **मलिक काफूर ने**
- निम्नांकित राजवंशों में से किसके शासक अपने शासनकाल में ही अपना उत्तराधिकारी घोषित कर देते थे? — **चोल**
- चोल शासकों के शासनकाल में निम्नलिखित में से कौनसा वारियम् उद्यान प्रशासन का कार्य देखता था? — **टोट्ट वारियम्**
- चोल युग प्रसिद्ध था, निम्न के लिए — **ग्रामीण सभाएं**
- चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कहलाती थी? — **प्रभुमान्यम्**
- निम्नलिखित में से किसको दक्षिण भारत के विशेषकर चोल युग के स्थापत्यों की विश्व में श्रेष्ठतम प्रतिमा - रचना माना जाता है? — **नटराज**
- प्रशासन के क्षेत्र में चोल राजवंश का मुख्य योगदान है? — **सुसंगठित स्थानीय स्वशासन में**
- निम्नलिखित में से कौन तमिल रामायणम या रामवतारम का लेखक था? — **कंचन**
- चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे? — **कुलंजु**
- आलवारों (वैष्णव संतों) एवं नायनारों / आडियारों (शैव संतों) द्वारा दक्षिण में भक्ति आंदोलन किस राजवंश के समय में आरम्भ हुआ? — **पल्लव**
- चालुक्य - पल्लव संघर्ष के दौरान किसने पुलकेशिन II की हत्या कर वातापी पर कब्जा कर लिया तथा 'वातापीकोण्डा' (वातापी का विजेता) की उपाधि धारण की? — **नरसिंहवर्मन I 'माम्मल'**
- बादामी में दुर्ग का निर्माण करवाने तथा बादामी को राजधानी बनाने का श्रेय किस चालुक्य शासक को है? — **पुलकेशिन I**
- चालुक्यों की राजधानी कहां थी? — **वातापी**
- चालुक्य वंश का सबसे महान शासक कौन था? — **पुलकेशिन द्वितीय**
- ऐहोल प्रशस्ति का रचयिता रविकीर्ति किस चालुक्य शासक का दरबारी कवि था? — **पुलकेशिन II**
- चालुक्यों और पल्लवों के बीच लम्बे समय तक चलने वाले संघर्ष का आरंभ किसने किया? — **पुलकेशिन II**
- किस चालुक्य शासक ने थानेश्वर व कन्नौज के महान् शासक हर्षवर्धन को नर्मदा के तट पर परास्त किया और उसे दक्षिण बढ़ने से रोका? — **पुलकेशिन II**
- निम्नलिखित में से किस वंश द्वारा प्रायः महिलाओं को प्रशासन में उच्च पद प्रदान किए जाते थे? — **चालुक्य**
- किस चालुक्य शासक ने चेर, चोल व पांड्य को हराया, जिस कारण उसे 'तीनों समुदों (बंगाल की खाड़ी, हिन्द महासागर व अरब सागर) का स्वामी' भी कहा गया? — **विक्रमादित्य I**
- संस्कृत के कवि और नाटककार कालिदास का उल्लेख हुआ है — **पुलेकिशन द्वितीय के ऐहोल अभिलेख में**
- 'लाल चेर' के नाम से प्रसिद्ध वह चेर शासक कौन था, जिसने कण्णनी (पत्तिनी) के मंदिर का निर्माण कराया था? — **शेनगुटवन**
- कपाटपुरम या अलवे में संपन्न द्वितीय संगम का एकमात्र शेष ग्रंथ कौनसा है? — **तोल्लकाप्पियम्**
- निम्नलिखित राजवंशों में किसका उल्लेख संगम साहित्य में नहीं हुआ है? — **कदंब**
- पाण्ड्य राज्य की जीवन रेखा कौनसी नदी थी? — **वेंगी**
- किसने उल्लेख किया है कि 'नंदों ने अपना कोष गंगा की धारा में छिपा रखा था? — **मामूलनार**

- 'महासभा की कार्यकारिणी समिति को कहा जाता था? — **परियम**
- दक्षिण भारत के किस वंश के राजा ने रोम राज्य में एक दूत 26 ई.पू. में भेजा था? — **पाण्ड्य**
- निम्नलिखित में से कौनसा बंदरगाह पोडुक्रे नाम से 'दी पेरिपल्स ऑफ दी इरिथियन सी' के लेखक को ज्ञात था? — **अरिकामेडू**
- ईसा की प्रारंभिक शताब्दियों में भारत तथा रोम के बीच घनिष्ठ व्यापारिक संबंधों की सूचना किस पुरा-स्थल की खुदाई से प्राप्त होती है? — **अरिकामेडू**
- संगम युग में 'उरैयूर' किसलिए विख्यात था? — **कपास के व्यापार का महत्वपूर्ण केन्द्र**
- तृतीय संगम हुआ था? — **मदुरई में**
- संगम युग में कण्णगी पूजा का प्रचलन था। कण्णगी आराध्य देवी थी? — **सतीत्व की**
- प्राचीनतम तमिल देवता मुरुगन किस वैदिक देवता के सदृश्य हैं? — **स्कंद / कार्तिकेय**
- संगमकालीन साहित्य में 'कोन', 'को' एवं 'मन्नन' किसके लिए प्रयुक्त होते थे? — **राजा**
- प्राचीन भारत का निम्नलिखित में से कौनसा महत्वपूर्ण व्यापार केन्द्र उस व्यापार मार्ग पर था, जो कल्याण को वेंगी से जोड़ता था? — **तगर**
- किस ऋषि के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने दक्षिण भारत का आर्यकरण किया, उन्हें आर्य बनाया? — **अगस्त्य**
- प्लिनी के ग्रंथ एवं अज्ञातनामा लेखक के ग्रंथ पेरिप्लस के अनुसार मोती के सीप पाण्ड्य देश के किस क्षेत्र से निकलते थे? — **कोल्चै**
- गाय या अन्य वस्तुओं के लिए लड़ते-लड़ते मरने वाले वीरों के सम्मान में खड़े किये जाने वाले वीर-प्रस्तर को कहा जाता था? — **वीरकल / नाडुकुल**
- निम्नलिखित तमिल ग्रन्थों में किसे 'लघुवेद' की संज्ञा दी गई है? — **कुरल**
- शिल्पादिकारम् का लेखक था? — **इलंगो**
- तमिल का गौरवग्रंथ 'जीवक चिन्तामणि' किससे संबंधित है? — **जैन**
- धार्मिक कविताओं का संकलन 'कुरल' किस भाषा में है? — **व्याकरण और काव्य से**
- तोलकाप्पियम् ग्रन्थ संबंधित है? — **तमिल**
- 'नानादेशिनिगम' क्या था? — **दूर-दूर के प्रदेशों व विदेशों के साथ व्यापार करने वाले व्यापारियों का निगम**
- कदंब राजाओं की राजधानी थी? — **वनवासी**
- वेनिस यात्री मार्कोपोलो (1288-1293) के पाण्ड्य राज्य के भ्रमण के समय वहाँ का शासक था? — **माड़वर्मन कुलशेखर**